# बंगाल में निवेश आकर्षित करने पर होगा फोकस



सीसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित राज्यपाल सीवी आनंद बोस, नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनंत सहारिया, निवर्तमान अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया, पूर्व अध्यक्ष महेश के. सहारिया और अन्य अतिथि

## सीसीसी के अध्यक्ष बनते ही अनंत सहारिया ने की घोषणा

**केडी पार्थ, सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता** : कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीसीसी) ने उद्योग और निवेश के क्षेत्र में नई दिशा तय करने का संकेत दिया है। सीसीसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष **अनंत सहारिया** ने बताया कि गूगल जैसी बड़ी कंपनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए कोलकाता चैंबर प्रयास करेगा और सरकार के साथ मिलकर एक स्पष्ट रणनीति तैयार करने का प्रयास करेगा। फिलहाल चैंबर के लगभग 450 सदस्य हैं और नए नेतृत्व के साथ संगठन का लक्ष्य है-बंगाल को निवेश और उद्योग के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाना। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की 194वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान उन्होंने सन्मार्ग को यह जानकारी दी।

**बंगाल में औद्योगिक विकास की संभावनाएं काफी :** संगठन के पूर्व अध्यक्ष महेश के. सहारिया ने बताया कि बंगाल में औद्योगिक विकास की संभावनाएं काफी हैं, लेकिन राज्य को उत्पादन क्षमता और निवेश बढ़ाने की दिशा में और प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी का असर उपभोग पर तो पड़ेगा, लेकिन उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए बंगाल को निवेशकों को आकर्षित करना होगा। बंगाल में आईटी और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बड़ी संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोलकाता और राज्य के अन्य शहरों को रणनीतिक रूप से विकसित किया जाए, तो वे बेंगलुरु जैसे केंद्रों की बराबरी कर सकते हैं।

**समारोह में शामिल हुए राज्यपाल:** सीसीसी की वार्षिक आम बैठक और सीसीसी खेल उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने किया। इस मौके पर स्वागत भाषण चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया ने दिया।

और खबरों के लिए login करें
sanmarg.in